बिहार सरकार
गन्ना उद्योग विभाग

पत्रांक–01 / लेखा०–1277 / 2026– /पटना, दिनांक– अक्टूबर, 2026

प्रेषक,

प्रीति सिन्हा
विशेष कार्य पदाधिकारी।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग,
बिहार, पटना।

विषयः– विज्ञापन के प्रकाशन के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक नीलामी सूचना का प्रकाशन से संबंधित विज्ञापन सामग्री संलग्न किया जा रहा है।

अतः अनुरोध है कि राज्य में प्रकाशित होनेवाले सभी हिन्दी दैनिक समाचार पत्रों (उत्तर बिहार के जिला संस्करण सहित) में दिनांक–08.10.2026 (गुरूवार) एवं 09.10.2026 (शुक्रवार) को प्रकाशित करवाने की कृपा की जाय।

अनुलग्नक–यथोक्त।

विश्वासभाजन

ह० / –
विशेष कार्य पदाधिकारी,
गन्ना उद्योग विभाग।

ज्ञापांक– पटना, दिनांक– अक्टूबर, 2026

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना को IPRD (Information & Public Relation Department, Govt of Bihar) के E-Advertisement पोर्टल एवं पर विज्ञापन अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० / –
विशेष कार्य पदाधिकारी,
गन्ना उद्योग विभाग।

ज्ञापांक– 1944 पटना, दिनांक– 07 अक्टूबर, 2026

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

07/10/26
विशेष कार्य पदाधिकारी,
गन्ना उद्योग विभाग।

**बिहार सरकार**
**गन्ना उद्योग विभाग**

पत्रांक–01 / लेखा–1277 / 2024– / पटना, दिनांक– अक्टूबर, 2026

## नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अनुपयोगी / निष्प्रायोजित घोषित विभागीय वाहन (इनोवा) संख्या–BR01PL-2452 की नीलामी दिनांक–22.10.2026 दिन गुरूवार को पूर्वाह्न 11:00 बजे विशेष कार्य पदाधिकारी, गन्ना उद्योग विभाग के कार्यालय कक्ष में सम्पन्न होगी। वाहन जिस अवस्था में नया सचिवालय, विकास भवन, बेली रोड, पटना में है, उसी अवस्था में नीलामी होगी। नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति उक्त अनुपयोगी सरकारी वाहन का निरीक्षण किसी भी कार्यावधि के दौरान कर सकते है। अग्रधन राशि मो० 15,000 / – रूपये जमा करने के पश्चात् ही नीलामी में भाग ले सकते है।

वाहन का ब्यौरा निम्न प्रकार है :–

| क्र०सं० | वाहन निबंधन संख्या | वाहन का निर्माण वर्ष एवं प्रकार | न्यूनतम निर्धारित राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | वाहन (इनोवा) संख्या–BR01PL-2452 | इनोवा कार / डीजल, वर्ष–2020 | 9,00,000 / – |

## नीलामी की शर्ते

1. नीलामी में भाग लेने के इच्छुक प्रत्येक व्यक्ति को प्रति वाहन ₹15,000 / – (पंद्रह हजार रुपये मात्र) की प्रतिभूति (EMD) राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में "OSD-Cum-DDO, Sugarcane Industries Department, Patna " के नाम संलग्न करना अनिवार्य होगा। उक्त बैंक ड्राफ्ट दिनांक 21.10.2026 को अपराह्न 05:00 बजे तक विहित प्रपत्र Annexure–A के साथ गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना के रोकड़पाल के पास जमा करना होगा।
2. प्रत्येक प्रतिभागी को पहचान के लिए आधार कार्ड / पैन कार्ड / ड्राइविंग लाइसेंस में से किसी एक की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति प्रस्तुत करनी होगी।
3. केवल उन्हीं व्यक्तियों को नीलामी में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी, जिन्होंने निर्धारित प्रतिभूति राशि जमा कर दी हो तथा जिनके पहचान पत्र का सत्यापन कर लिया गया हो।
4. सर्वाधिक बोलीदाता को छोड़कर अन्य सभी प्रतिभागियों की प्रतिभूति राशि नीलामी प्रक्रिया पूर्ण होने के 02 (दो) कार्य दिवसों के भीतर वापस कर दी जाएगी।
5. सक्षम प्राधिकारी से नीलामी की स्वीकृति प्राप्त होने के उपरांत सफल बोलीदाता को एक सप्ताह के भीतर संपूर्ण नीलामी राशि बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करनी होगी। राशि प्राप्त होने के पश्चात वाहन का कब्जा प्रदान किया जाएगा। निर्धारित अवधि में राशि जमा नहीं करने पर उसकी प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जाएगी।
6. विभाग को बिना कोई कारण बताए नीलामी प्रक्रिया को स्थगित करने, तिथि परिवर्तित करने अथवा निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। इस संबंध में विभाग का निर्णय अंतिम होगा।
7. नीलामी से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में निम्नलिखित पदाधिकारी से संपर्क किया जा सकता है:– (1.) विशेष कार्य पदाधिकारी, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना, कमरा संख्या–206, द्वितीय तल, गन्ना उद्योग विभाग, नया सचिवालय, विकास भवन, बेली रोड, पटना–15।

# Annexure—A

## जमानत की राशि जमा करने का फॉर्मेट

बोली लगाने वाले का नाम :—

बोली लगाने वाले का पता :—

मोबाईल संख्या :—

| क्र०सं० | वाहन संख्या | जमानत की राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | कुल राशि | | |

बैंक ड्राफ्ट नंबर एवं तिथि :—

बैंक ड्राफ्ट की राशि :—

ह०/—
विशेष कार्य पदाधिकारी,
गन्ना उद्योग विभाग।